# 'रोगी व परिजनों को रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़े'

**■ रोगियों की सुविधा के लिए चिकित्सा संस्थान हरसंभव उपाय सुनिश्चित करें : कलक्टर असावा**

**राजसमंद,** (निसं)। उच्च रोगीभार वाले चिकित्सा संस्थाओं में दूर से आने वाले रोगी एवं उनके परिजनों को रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में खडा न रहना पडे इसके लिए आवश्यकतानुसार रजिस्ट्रेशन काउन्टर में वृद्धि करने तथा विभिन्न जांचो के परिणामों के लिये आमजन को इंतजार नही करना पडे इसके लिए दिन में दो बार परिणामो की व्यवस्था तथा संस्थान पर ही अधिकतम जांचो की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसके लिए ऑनलाईन ट्रेकिंग व्यवस्था शिघ्र लागु करें। यह निर्देश जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए।

उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देशित किया कि वें आमजन को किस प्रकार अपने चिकित्सा संस्थानो में अधिकतम सुविधाएं एवं राहत दे सकें इसके लिए नवाचार करें तथा नवाचार के लिए आवश्यक संसाधनो के लिए जिला प्रशासन को बताएं जिससे हम व्यवस्थाओं की सुदृढीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकें। उन्होंने उपजिला चिकित्सालय भीम में ओपीडी की तुलना में कम जांच को गम्भीरता से लिया तथा सीएमएचओ को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी आरके जिला चिकित्सालय, प्रमुख जिला चिकित्सालय नाथद्वारा व भीम को दिन में दो बार सुबह 11 से 11:3० बजे के मध्य तथा दोपहर 2 बजे जांच परिणामों की सुविधा देने के लिये निर्देशित किया जिससे आमजन को जांच परिणामो के लिये इंतजार नही करना पडे। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा के दौरान उपजिला चिकित्सालय भीम, सीएचसी खमनोर, केलवाडा व आमेट में कम टीआईडी जनरेशन को लेकर चेताया तथा पात्र परिवारों को योजना से लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मां वाउचर योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारीयों से निरन्तर मोनिटरिंग के लिये निर्देशित किया तथा लाभार्थियों से भी फिड बैक लेने के लिए निर्देशित किया, जिससे लाभार्थी गर्भवती महिलाओं को योजना का पूरा लाभ मिले। उन्होंने आरके जिला चिकित्सालय के तीसरी बार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानको को पूरा करने पर हर्ष व्यक्त किया तथा आमजन को हित में निरंतर कार्य करने के लिये प्रेरीत किया। इससे पूर्व सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने पूर्व बैठक की अनुपालना रिपोर्ट से अवगत करवाया तथा सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में जिला नोडल अधिकारी निःशुल्क दवा एवं जांच योजना डॉ अनिल जैन ने योजनाओं की समीक्षा के लिए प्रस्तुतीकरण दिया। सीएमएचओ ने 100 दिवसीय टीबी कैंपेन को लेकर नेशनल टीम द्वारा दिये गये सकारात्मक फिड बैक को लेकर सभी चिकित्सा अधिकारीयों को बधाई दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सैक्टरवार गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रसव पूर्व जांच एवं संस्थागत प्रसव को लेकर विस्तार से समीक्षा की तथा चिकित्सा अधिकारीयों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा से निरंतर संवाद एवं मोनिटरिंग के लिए निर्देशित किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र कुमार यादव ने परिवार कल्याण कार्यक्रम, डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ नवीन कुमार जांगिड ने संचारी एवं गैर संचारी रोगों की वस्तुस्थिती की जानकारी दी तथा रिपोर्टिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पाण्डाल का निर्माण प्रारम्भ

**कपासन,** (निसं)। प्रयागराज (उ.प्र.) में बारह वर्ष बाद आयोजित होने वाले महाकुम्भ में सांवलिया धाम आश्रम, मुंगाणा के संस्थापक श्री श्री 1008 श्री चेतनदासजी महाराज के पावन सानिध्य में मेला-क्षेत्र में सन्तों और भक्तों की सेवा हेतु प्रायोजित होने वाले मीरा मेवाड़ खालसे का अस्थायी निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। खालसे में विभिन्न प्रकल्पों के संचालन के लिए भव्य पाण्डाल निर्माण करने के लिए पच्चीस कुशल कारीगरों का दल खालसे के अधिकारी महन्त श्री रामसागरदासजी महाराज (हमीरगढ) वे महामंत्री ज्योतिषरत्न श्री इंद्रमल जी चौधरी के निर्देशन में रात-दिन काम में लगे हुए हैं । गंगा-पट्टी में लगने वाले वैरागी-कैम्प में सेक्टर 18 के पुराने जी.टी. रोड़ पर अन्नपूर्णा-मार्ग के मुहाने पर झूंसी गांव की तरफ से मेला-क्षेत्र में प्रवेश करने पर दांयी लाईन में पहला प्लोट इन दिनों लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनता जा रहा है । यहां निर्मित हो रहे विभिन्न अखाड़ों में मीरा मेवाड़ खालसे की भव्यता अपने-आप में विलक्षण प्रतीत हो रही है। महन्त मुरलीदासी, रतनदासजी, जगदीशदास सहित मुंगाणा आश्रम से जुड़े कई भक्त यहां कई दिनों से अपनी सेवा दे रहे हैं।

# लबाना बस्ती में एक रात में टूटे तीन घरों के ताले

**■ लाखों के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ, बिछीवाड़ा थाने में मामला दर्ज**

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र लबाना बस्ती में देर रात को तीन मकानों को चोरों ने निशाना साधते हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। चोरों ने तीन भाइयों के मकानों को चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। पीडित भाइयों ने बिछीवाडा थाने में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाई है पुलिस चोरो के तलाश में जूट गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार बिछीवाडा के लबाना बस्ती में रहने वाले हरीश पुत्र नारायण लबाना रिपोर्ट देकर बताया उसके सहित कुल पांच भाई है। इसमें तीन भाइयों के घर को चोरो ने निशाना साधते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने नरसिंह लबाना, मोहनलाल लबाना, हरीश लबाना घर के ताले तोड कर अलमारी और बिस्तर पेटी लॉकर के ताले तोडकर अंदर रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरों ने चौथे भाई पन्नालाल लबाना के घर में चोरी का प्रयास कर तोला तोड दिया, लेकिन दरवाजे कुंडी मूड जाने की वजह से दरवाजा खूल नहीं पाने से चोरी होने से बच गई है। चोरों ने हरीश लबाना के घर करीब 16 लाख रुपए के सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरो ने 16 लाख 20 हजार कीमत के 18 तोला सोना, वहीं चोरों ने नरसिंह लबाना के घर से साढे तीन लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण हाथ साफ कर दिया। नरसिंह लबाना के घर से चोरों ने सवा दो लाख रुपए की कीमत की ढाई किलो चांदी और सवा लाख के डेढ तोला सोना चोरी कर लिया। तीसरे भाई मोहनलाल लबाना के घर चोरो ने 5० हजार नकद और करीब 45 हजार रुपए की आधा किलो चांदी चुरा कर ले गए। चोरों ने घर का सारा सामान बिखर के रख दिया। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तोड दिए। सुबह घर में पहुंचने से चोरी की वारदात को बारे में पता चला। पीडित हरीश लबाना ने बताया कि उसकी बेटी की शादी होने से करीब 16 लाख 2० हजार का 18 तोला सोना खरीदा था जिसे चोर चुरा के ले गए।

# वैवाहिक परिणय सूत्र का महत्व बताया

**डूंगरपुर,** (निसं)। सनातन धर्म समिति डूंगरपुर द्वारा आहूत भागवत ज्ञान गंगा के छठें दिन यजमान रमेश वरयानी, मदनलाल शर्मा, जयेश मकात एवं देवेंद्र कलाल द्वारा पोथी पूजन कर श्रीमद् भागवत की आरती उतारी।

सनातन धर्म समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महामंत्री मुकेश श्रीमाल और सचिव भूपेश शर्मा द्वारा कथा में अतिरिक्त सहयोग करने वाले मदनलाल शर्मा और अनिल जोशी का पगडी और शाल से स्वागत किया। भागवत ज्ञान गंगा के छठें सौपान पर कथा व्यास श्रीराधे वृंदावन ने ब्रिज भाषा में कृष्ण रुक्मणि प्रसंग पर विस्तार से प्रवचन कर वैवाहिक परिणय सूत्र का महत्व बताया। कथा में कृष्ण की लीलाओं गोलोकधाम लीला, मथुरा की माधुर्य लीला, वृंदावन की नटखट,ममता भरी, वात्सल्य और प्रेम की कृष्ण लीलाओं पर ब्रिज भाषा में प्रसंग प्रस्तुत किए। साथ ब्रिज की रास और भजनों के माध्यम से श्री कृष्ण, राधा के दर्शन करवाए। जो व्यक्ति प्रतिदिन गोपी गीत का गायन करता हैं ठाकुर जी उसके हृदय में बिराजमान होते हैं। जो भगवान को निस्वार्थ भाव से प्रेम करता हैं।

## रक्तदान किया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। बीपीवीएम के जिला प्रचारक आनंद सिंगाडा ने राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में जरूरतमंद के लिये रक्तदान कर अन्यों को भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राहुल भूरिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर गांगडतलाई क्षेत्र के गडुली निवासी अनिल पुत्र महेंद्र निनामा को ऑपरेशन के दौरान रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर बीपीवीएम के जिला प्रचारक सिंगाडा ने महात्मा गांधी चिकित्सालय में पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर बीपीवीएम प्रदेश संयोजक रविन्द्र बरजोड, अश्विन मुनिया ने सहयोग प्रदान किया।

## सार-समाचार

### अवैध हीरे व नगदी के साथ 3 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गढी थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान बस में सवार तीन लोगों से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के अवैध हीरे व 77 हजार 370 रुपये की नगदी बरामद की है। थानाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज, वृत्ताधिकारी गढी सुदर्शन पालीवाल के निकटतम सुपरविजन में थाने के सामने नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान हैड कांस्टेबल थाना कोतवाली महीपाल सिंह से प्राप्त सूचना के आधार पर बांसवाडा से हिम्मतनगर जाने वाली चामुंडा ट्रेवल्य की बस में सवार तीन संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 220.350 कैरेट हीरे व 77 हजार 370 रुपये की नगदी बरामद हुई। इन हीरों की बाजार कीमत लगभग 1.5 करोड रुपये है। इन तीनों ने अपने नाम दीपक परमार पुत्र मगन निवासी परमारवास वार्ड नंबर 2 थाना ईडर जिला साबरकाटा गुजरात, नवदीप पुत्र नरसी भाई निवासी कृष्ण नगर थाना कृष्ण नगर जिला अहमदाबाद व सचिन पुत्र जसवंत दर्जी मकवाना निवासी ईडर थाना हिम्मतनगर जिला सावरकाटा गुजरात होना बताया। तीनों के पास हीरे व नगदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से हीरे व नगदी जब्त की गयी वहीं तीनों को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अवैध हीरे चोरी का माल होने की जानकारी मिली। 10 दिसम्बर को महाराष्ट्कृ के पुलिस थाना गोरेगांव में किरण रतिलाल रोकानी निवासी कांदीपली पूर्व ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके कंपनी के ऑफिस से 1 करोड 47 लाख 53 हजार रुपये के हीरे चोरी हो गये हैं। गोरेगांव पुलिस आरोपी तथा माल की तलाशी कर रही है। गढी थाना पुलिस ने इस संबंध में गोरेगांव पुलिस थाने को सूचित किया है। गोरेगांव की टीम अग्रीम अनुसंधान कर रही है।

### बालिकाओं को साइकिल वितरित की

**डूंगरपुर,** (निसं)। राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत इन दिनों जिले भर में कक्षा नवमी में अध्ययनरत बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की जा रही हैं। सरकार द्वारा दी जा रही इन साइकिलों को पाकर बालिकाओं में अभूतपूर्व खुशी देखी जा सकती है। इसके तहत ब्लॉक के 'राउमावि सुरपुर' में शनिवार को उप प्रधानाचार्य गौतमी खराडी की अध्यक्षता में कक्षा नवमी की 15 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। इस दौरान प्रभारी स्वाति जैन, लोकेश कुमार कलाल, कौशिक यादव, ज्योति रावल, रंजना मीणा, संतोष लोहार, संगीता साद, सांत्वना जोशी, सुनील जोशी, जितेश पण्ड्या, मिथिलेश राठौड, भारती साद, कामिनी पण्ड्या, नरेश कुमार द्विवेदी, आरती मेणात समेत अन्य मौजूद रहे।'राउमावि पीपलादा' में सरपंच सूर्या देवी कलासुआ, उप प्रधान गुलाबसिंह चौहान, शिक्षाविद् डूंगर लाल प्रजापति, प्रधानाचार्या प्रज्ञा चौबीसा, अनुज कुमार, पंकज कुमार पंड्या एवं प्यारेलाल रोत की मौजूदगी में कक्षा नवमी की 27 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई।'राउमावि कांकरादरा' में सरपंच ईश्वरलाल कोटेडए उपसरपंच गटूलाल डामोर व प्रधानाचार्य लालशंकर बरंडा की मौजूदगी में कक्षा नवमी की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। इस मौके पर प्रथम सहायक सुभाषचंद्र खराडी, साइकिल वितरण प्रभारी अनिता पंड्या, एसडीएमसी सदस्य लक्ष्मण लाल मनात एवं अभिभावक मौजूद रहे।'राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेरवाडा' में कक्षा नवमी में अध्ययनरत 17 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम प्रधानाचार्य विश्वास कुमार पंड्या की अध्यक्षता, संगीता कटारा के मुख्य आतिथ्य एवं समाज सेवी गणेश कटारा व छबीलाल पंड्या के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी महिपाल बरंडा, लियाकत कुरैशी, सुखलाल मीणा, रमेशचन्द्र कटारा, नरेन्द्र सिंह चौहान, नागेन्द्र सिंह चौहान, सूरजमल रोत, आशा मीणा, हरिश्चन्द्र कलासुआ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धनेश्वर हडात ने किया। ममता परमार ने आभार जताया।'राउमावि बिलडी' में शनिवार को कक्षा नवमी की 43 बालिकाओं को निःशुल्क साईकिलें वितरित की गई।

# छात्रों को वैदिक गणित के बारे में जानकारी दी

**डूंगरपुर,** (निसं)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर गणित सप्ताह के आयोजन में आमंत्रित वैदिक गणित प्रचारक रघुवीर सिंह सोलंकी ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को वैदिक गणित के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रघुवीर सोलंकी ने गणित के जटिल से जटिल गणनाओं को वैदिक गणित के सूत्रों से पलभर में हल करना सिखाया। ज्ञातव्य हो कि यह सत्र छात्रों को गणित के जटिल और समय लेने वाले तरीकों को सरल, तेज और सटीक तरीके से हल करने के लिए वैदिक गणित की विधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर की चर्चा

**राजसमंद,** (निसं)। राज माली सेवा संस्थान राजसमंद की साधारण सभा की बैठक शनिवार को नगर परिषद सभा भवन में आहुत की गई। जिलाध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने बताया कि बैठक में एजेंडा वाइज प्रस्तावों पर निर्णय हुआ। जिसमें मुख्य रूप से 29 दिसम्बर को जिला संस्थान के तत्वाधान में धोईंदा स्थित समाज को आंवटित भूमी परिसर में आयोजित होने वाले मेवाड स्तरीय प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श हुआ तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओ को लेकर उप समितियां का गठन कर पदाधकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। माली ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुनील परिहार जोधपुर, नगर परिषद सभापति अशोक टांक सहित अन्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में मेवाड के चारो जिले राजसमंद, चितौडगढ, भीलवाडा, उदयपुर के समाज के अध्यक्ष सहित राज माली समाज के समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं-12वीं से लेकर उच्च शिक्षा तक की प्रतिभाओं में लगभग 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि बारह खेडा के पूर्व अध्यक्ष बद्रीलाल भोई, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष हरिशंकर भोई, जिला संस्थान उपाध्यक्ष लालूराम माली, सचिव मांगीलाल भोई, कोषाध्यक्ष सीए राजेंद्र माली ने आयोजन के अलावा समाज विकास को लेकर विस्तार से जानकारी दी। जिलाध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने प्रतिभा सम्मान समारोह में अधिक से अधिक समाजजनों को पधारने की अपील की।

# ममता को मिला पालनहार योजना का लाभ

**■ प्रशासन गांव के संग शिविरों में मिली राहत**

**डूंगरपुर,** (निसं)। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निर्देशानुसार डूंगरपुर जिले में राजस्थान सम्पर्क सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों व राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया गया। शनिवार को राजकीय अवकाश के दिन भी सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर सुबह 11 से 2 बजे तक शिविर लगाकर आमजन को राहत प्रदान की गई। इस दौरान राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, अपार आईडी, पेंशन सत्यापन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित काम हाथोंहाथ किए गए।

पिता की मृत्यु के बाद मां नाते चली गई, तो ममता की देखभाल की सारी जिम्मेदारी उसके दादा, दादी पर आ गई। लेकिन दादा-दादी की भी माली हालत ठीक नहीं है। कभी मजदूरी करके तो कभी खेती बाडी करके जीवन गुजार रहे है। उनके पास ममता की पढाई और परवरिश के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। ममता के दादा उपखण्ड कार्यालय चिखली पहुंचे तो उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर, तहसीलदार सुंदरलाल कटारा ने ममता के दादा मणीलाल को प्रमाण-पत्र जारी किया। उपखण्ड अधिकारी चिखली मनसुख राम डामोर ने बताया कि ममता के दादा मणीलाल व दादी चम्पाडी ने राज्य सरकार का आभार जताया। अब ममता के पढाई-लिखाई और परवरिश का भार उसके दादा-दादी पर नहीं रहेगा। ममता की परवरिश के लिए प्रति माह 15०० रूपए उसके दादा मणीलाल को मिलेंगे।

**हाथों-हाथ राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि**

पंचायत समिति डूंगरपुर के मलय पण्ड्या की भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में जाति व पता गलत अंकित होने पर परिवाद प्रस्तुत किया गया। तहसीलदार डूंगरपुर द्वारा तत्काल ही मौके पर भू-अभिलेख निरीक्षक, पटवारी हल्का से रिकॉर्ड तलब किया गया तथा रिकॉर्ड की जांच की गई तथा गत जमाबंदी एवं वर्तमान जमाबंदी का अवलोकन किया गया। जिसके अनुसार परिवादी द्वारा बताए गए तथ्यों को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि योग्य पाया गया। तत्काल आदेश जारी कर पटवारी हल्का राजपुर को शुद्धि प्रकरण तैयार करने आदेशित किया गया एवं राजस्थान भू-अभिलेख नियमावली 1957 के नियम 166 के अन्तर्गत शुद्धि आदेश जारी कर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करने के लिए पटवारी को पाबंद किया गया। इस पर तत्काल ही पटवारी हल्का राजपुर द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में ऑनलाइन नामान्तकरण दर्ज कर लिया गया है।

श्री वीरम पिता नाथा निवासी दोवडा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत दूसरी किश्त के लिए शनिवार को ही शिविर में आवेदन किया। शिविर में ही प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त जारी करने की कार्यवाही की गई। वहीं, डूंगरपुर पंचायत समिति के ग्राम कांकरादरा निवासी श्रीमती दुर्गा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भवन निर्माण की दूसरी किश्त के लिए आवेदन किया। इस पर हाथोंहाथ 45००० रूपये का एफ टीओ जारी किया गया। इसी प्रकार पीठ निवासी सूरज देवी ने बताया कि विधवा पेंशन का पीपीओ में खाता नंबर बदलने के लिए आवेदन किया। इस पर पीपीओ में खाता संख्या बदलकर वार्षिक सत्यापन भी किया गया।

